ओरिएंट इलेक्ट्रिकल्स ने अपनी नई ब्रांड पहचान 'ओरिएंट इलेक्ट्रिक' का अनावरण किया

पटना/संवाददाता । ओरिएंट इलेक्ट्रिकल्स ने अपनी नई ब्रांड पहचान 'ओरिएंट इलेक्ट्रिक' का अनावरण किया है। देश में पंखों का सबसे पुराना और सबसे बडा निर्माता ओरिएन्ट भारतीय पंखा उद्योग में एक महत्वपूर्ण खिलाडी के स्थान से स्मार्ट होम सॉल्यूशंस प्रदान करने के लिए अगली पीढी के इंटीग्रेटेड होम सॉल्यूशंस प्रोवाईडर बनने की दिशा में बढ रहा है। एक विस्तृत कस्टमर अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ ओरिएंट इलेक्ट्रिक अपने रुचिकर डिज़ाईन वाले बिजली की बचत करने वाले लाईटिंग उत्पाद, पंखे और होम अप्लायन्सेस की श्रृंखला के साथ ब्रान्ड के कूल क्वोशेन्ट को बढाने के लिए तैयार है। इस अवसर पर सीके बिरला समूह के चेयरमैन, श्री सीके बिरला ने कहा, ''ओरिएन्ट इलेक्ट्रिक एक उत्पाद कंपनी से एक लाईफस्टाईल होम सॉल्यूशंस प्रोवाईडर के रूप में विकसित हो गई है। यह संघटन ब्रान्ड को नई पीढी के यूजर्स की बढती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में आगे बढने

में समर्थ बनाएगा। भौगोलिक विस्तार ओरिएन्ट इलेक्ट्रिक को विश्वभर में अत्यधिक विकसित और उभरते हुए बाजारों में भी ले जाएगा।'' इस अवसर पर ओरिएन्ट इलेक्ट्रिक के सीईओ, श्री मनोज वर्मा ने बतायी, हमारे नए इंटीग्रेटेड अभियान 'स्विच-टू स्मार्ट' में ऐसी सोच निहित है, जो आज के स्मार्ट ग्राहकों पर खरी उतरती है, जो लाईफस्टाईल और सहज समाधान तलाश रहे हैं।'' कंपनी की रिपोज़िशनिंग की रणनीति के तहत ओरिएन्ट इलेक्ट्रिक ने नई कंपनी का लोगो ऑरेंज रंग में लांच किया है, जो अपनेपन के साथ रचनात्मक प्रवृत्ति को पेश करता है।